

# नया क्षितिज

## 2019-21

शिक्षा विभाग

**के० एल० डी०ए०वी० (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय, रुड़की**




## स्व. राय साहब कन्हैयालाल जी

**कन्हैयालाल जी का जन्म श्री गणेश लाल जी के घर जसौला, जिला मुजफ्फरनगर में सन् 1870 की कृष्ण जन्माष्टमी के दिन हुआ था, इसलिए उनका नाम कन्हैयालाल रखा गया। कन्हैयालाल जी समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। इसलिए सरकार ने उन्हें राय साहब की उपाधि से अलंकृत किया था। 1960 में रूड़की में बी.एस-सी. और बी.ए. के लिए के.एल. डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज की स्थापना की थी।**

**SPECIAL NOTE:**
THE LINE ARTS USED FOR THE STUDENTS' WRITINGS ARE TAKEN FROM VARIOUS SOURCES AS A RESULT OF GOOGLE SEARCH AND THE SOURCES ARE NOT MENTIONED WITHIN THE WRITINGS. LINE ART IS NOT SELF MADE, THEREFORE, I APPRECIATE & ACKNOWLEDGE ALL THE IMAGE-SOURCES COLLECTIVELY HERE.

# नया क्षितिज

## बी० एड०, सत्र २०१९-२१

## शि क्षा सं का य प त्रि का
## स म्पा द क म ण्ड ल

| | | |
|---|---|---|
| **प्राचार्य** | -- | **डॉ० एम० पी० सिंह** |
| **प्राचार्या** | -- | **डॉ० (श्रीमती) यशोदा मित्तल**<br>**(सेवानिवृत - अक्टूबर 2021)** |
| **संरक्षिका** | -- | **डॉ० (श्रीमती) पूर्णिमा श्रीवास्तव** |
| **शिक्षक गण** | -- | **डॉ० मेघा जुयाल**<br>**डॉ० मनोज कुमार शर्मा**<br>**डॉ० अम्बिका भट्ट**<br>**डॉ० मोनू राम** |
| **सम्पादक** | -- | **डॉ० अम्बिका भट्ट** |
| **मुख्य सम्पादक (विद्यार्थी)** | -- | **संतोषी चौहान** |

विशेष- लेखक अपनी रचनाओं की अन्तर्वस्तु के लिए स्वयं उत्तरदायी है, सम्पादक मण्डल के किसी भी सदस्य पर इसका कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा, तथापि टंकण में त्रुटियां होना सम्भावित हैं ।

**के० एल० डी०ए०वी० (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय, रुड़की**

# कुल गीत

जय सरस्वती जय भारती
हिमगिरि  शृंगों पर है राजती
अविरल गंगा पद पखारती
छवि छटा बिखारती
जय सरस्वती जय भारती।

कम्प्यूटर जनपद यांत्रिकी
विद्युत तरंग अभियांत्रिकी
बहुयामी शिक्षा मानविकी
सजग राष्ट्र की आरती
जय सरस्वती जय भारती ।।

करें सम्मान गुरू दीक्षा का
जीवन के उच्च आदर्शों का
सूर्य उदय हो ज्ञान तत्व का
रहे धरा निहारती
जय सरस्वती जय भारती ।।

सृजन गीत से करें याचना
नव निर्माण राष्ट्र कामना
कर्मठ जीवन व्रत उपासना
धरती यही गुहारती
जय सरस्वती जय भारती।।

करें 'कन्हैया' का आराधन
ज्ञान भक्ति अरू शक्ति वर्धन
कर्मयोगी 'ईश्वर का सुमिरन
धरा सृष्टि उर वारती
जय सरस्वती जय भारती।।

# विषय सूची


| क्र० सं० | रचना का शीर्षक | प्रशिक्षु का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | संदेश | -- | i - vi |
| 2. | सम्पादकीय | -- | vii |
| 3. | The Editor's Pen | -- | viii |
| 4. | शिक्षा विभाग | -- | ix |
| 5. | बी० एड० परिषद | -- | x |
| 6. | बी० एड० प्रशिक्षु | -- | xi-xiii |
| | **हिन्दी अनुभाग** | | |
| 7. | भारतवर्ष महान | आकांक्षा | 1 |
| 8. | औरत | आकांक्षा जौहरी | 1 |
| 9. | हमारी राष्ट्रीय भाषा हिन्दी | आँचल तोमर | 2 |
| 10. | क्या मैं इंसान नहीं? | एकता सैनी | 3 |
| 11. | जिंदगी | बिनीता रावत | 4 |
| 12. | चन्दा से पूछा है मैंने | ज्योति उपाध्याय | 4 |
| 13. | हम सब मिलकर बनायें | आकांक्षा | 5 |
| 14. | मंजिल पथ | मनीषा प्रजापति | 6 |
| 15. | भ्रष्टाचार | नीति देवी | 6 |
| 16. | एक पंछी सा मैं | राधा | 7 |
| 17. | माँ हिन्दी | आदर्श भारद्वाज | 7 |
| 18. | बदलते परिवेश में शिक्षक की.... | नेहा | 8-9 |
| 19. | प्रतीक्षारत | आदर्श भारद्वाज | 10 |
| 20. | शिक्षा | अजय पोषवाल | 10 |
| 21. | देश जगत की सोच बदलना | अदिति | 11 |
| 22. | सच्चाई | रिद्धि शर्मा | 11 |
| 23. | प्रेरणादायक | अनुराधा | 12 |
| 24. | बचपन | शिवानी कुमारी | 12 |
| 25. | माँ की लाडली मेरी बहन | संतोषी चौहान | 13 |
| 26. | शिक्षा | अजय पोषवाल | 13 |
| 27. | मुझको ठेकेदार बना दो | सविता कश्यप | 14 |
| 28. | एक छोटी सी परी | शिवाली सिंह | 15 |
| 29. | दृढ़ निश्चय | शिवानी शिवा | 16 |

# विषय सूची


| क्र० सं० | रचना का शीर्षक | प्रशिक्षु का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 30. | मानवता की शान | संदीप कुमार | 16 |
| 31. | लक्ष्य से तू ना विचलना | शुभम कुमार | 17 |
| 32. | पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी | उर्वशी चौधरी | 18 |
| 33. | हमारा प्यारा पर्यावरण | दीपक कुमार | 19 |
| 34. | सत्य का महत्त्व | मो० तारीक | 20 |
| 35. | विश्वास | सन्तोष कुमार | 20 |
| 36. | अनभिव्यक्त | आदर्श भारद्वाज | 21 |
| 37. | जिंदगी | सत्यम | 21 |
| 38. | अभिनंदन | अजय कुमार | 22 |
| 39. | बेटी | शुभंम | 22 |
| 40. | कुछ सपनों के मर जाने से.... | सलमान | 23 |
| 41. | कोरोना वायरस | एकता सैनी | 24 |
| 42. | कुर्सियाँ औरतों को तरसती हैं.... | शिवम चौहान | 25 |
| 43. | मंजिल | विक्की | 26 |
| 44. | माँ | योगेश कुमार | 26 |
| 45. | मेरी कलम से | स्वाति देवी | 27 |
| 46. | छोटी सी उम्मीद | विकास | 28 |
| 47. | समानता क्या है? | विश्वास चौधरी | 29 |
| 48. | Online Classes और हम.. | संतोषी चौहान | 30-32 |

## English Section

| | | | |
|---|---|---|---|
| 49. | Swami Vivekanand.... | Chanchal | 33-34 |
| 50. | A New Champion | Sanjay Singh Mehta | 35-36 |
| 51. | The obstacle in our path | Anjali | 37 |
| 52. | My dear college | Santoshi Chauhan | 38 |
| 53. | Role of Technology in Covid 19 | Gulshera Khan | 39-41 |
| 54. | Career Awareness | Amit Kumar Singh | 42-43 |
| 55. | +ve Attitude and Necessity | Mayank Gupta | 44 |
| 56 . | Women Safety in India | Abhishek Kumar | 45-46 |
| 57. | Glimpses of B.Ed. 2019-21 | -- | 47-65 |
| 58. | विशेष - कमरा नंबर 5 | ज्योति उपाध्याय | 70-71 |

# संदेश



डॉ० एम० पी० सिंह
(प्राचार्य)

एक शिक्षण संस्थान अपने विद्यार्थियों के लिए उन सभी अनुभवों को प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रयत्नशील रहता है, जिन का अनुप्रयोग विद्यार्थी अपने भावी जीवन में कर सके। हमारा संस्थान के० एल० डी० ए० वी० (पी० जी०) महाविद्यालय, रुड़की भी शिक्षा के क्षेत्र में अपने सभी उत्तरदायित्वों के निर्वहन में संलग्न है तथा निरंतर विद्यार्थियों के हित में कार्यरत रहता है।

पाठ्यक्रम गतिविविधियों के साथ-साथ विविध पाठ्यसहगामी क्रियाकलापों के आयोजन द्वारा विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करने का प्रयास किया जाता है। इसी श्रेणी में शिक्षा विभाग के प्रशिक्षुओं द्वारा विभागीय पत्रिका का सम्पादन कार्य प्रत्येक सत्र में करवाया जाता है। कार्य की सम्पन्नता सुनिश्चित करने हेतु परिस्थितियों के अनुरूप कार्य-पद्धति में रूपांतरण भी किया जाता है।

यह बड़े हर्ष का विषय है कि हमारे महाविद्यालय के बी० एड० प्रशिक्षुओं द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सत्र २०१९-२१ हेतु "नया क्षितिज" का संपादन किया जा रहा है। कोरोना महामारी के दौरान आई प्रतिकूल परिस्थितियों में पूरा देश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व कहीं ना कहीं अवसाद ग्रसित रहा है। वहीं इस कठिन समय में भी प्रशिक्षुओं द्वारा अदम्य रूप से दिखाया गया धैर्य तथा अपने कार्य के प्रति अनन्य उत्साह अत्यंत ही प्रशंसनीय है।

शिक्षा विभाग के समस्त अध्यापकगण तथा प्रशिक्षुओं की मेहनत के परिणामस्वरूप ये नया क्षितिज वास्तव में सभी के जीवन मे नया सवेरा लेकर आएगा। इसी शुभेच्छा के साथ समस्त संपादक मंडल, अध्यापकगण तथा प्रशिक्षुओं को बधाई और आने वाले वर्षों में सफलता हेतु शुभकामनाएं।

धन्यवाद।

# संदेश



**डॉ० यशोदा मित्तल**
**(प्राचार्या)**
**(सेवनिवृत अक्टूबर 2021)**

विद्या को भारत में सर्वदा से ही व्यक्तित्व उन्नयन का आधार माना गया है, यह न केवल साधन है अपितु साध्य है जो प्रत्येक क्षण मनुष्य को उच्चता की ओर अग्रसर करती है। यजुर्वेद में कहा भी गया है कि विद्या से अमरत्व की प्राप्ति होती है - "विद्ययामृतष्नुते"। शिक्षा ही मानव को असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर व मृत्यु से अमरत्व की ओर जाने के लिए प्रेरित करती है और निर्देशित करती है। शिक्षा ही मानव जीवन में उदात्तता, उच्चता और उत्कृश्टता लाती है।

शिक्षा एक अनवरत प्यास है, जिसको तृप्त करने के लिए सदैव ज्ञान के नए क्षितिज की तलाश में आगे बढ़ते रहना होता है। इस ज्ञान-क्षितिज की यात्रा में शिक्षा व्यक्ति को प्रतिक्षण संघर्षों के साथ साहस से लड़ने हेतु स्वः अभिप्रेरित करती है और उसे जीवन के अद्वितीय अनुभव प्रदान करती है। शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व का अभूतपूर्व विकास करने के साथ ही उसके आत्मविश्वास को एक नया आयाम प्रदान करती है। जिस से वह अपने साथ-साथ अपने समाज व राष्ट्र के हित में अपना योगदान देता है। एक शिक्षक तो स्वयं में ही राष्ट्र के निर्माण की धुरी होता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस महाविद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक प्रशिक्षु शिक्षा के क्षेत्र में उच्च मापदंडो को स्थापित करेंगे।

हर्ष का विषय है कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कॉलेज के शिक्षा संकाय की वार्षिक पत्रिका 'नया क्षितिज' सत्र 2019-21, का प्रकाशन होने जा रहा है। पत्रिका को गौरवमयी व सार्थक बनाने हेतु मैं सम्पादक मण्डल को बढ़ाई देती हूँ।

प्रस्तुत अंक के सफल प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

# संदेश

**विद्याविनयोपेतो हरति न चेतांसि कस्य मनुजस्य ।**
**कांचनमणिसंयोगो नो जनयति कस्य लोचनानन्दम् ॥**



**डॉ० पूर्णिमा श्रीवास्तव**
**(विभागाध्यक्षा)**

अर्थात विद्यावान और विनयी मनुष्य सभी का चित्त हरण(आकर्षित) कर लेता है, जैसे सुवर्ण और मणि का संयोग सबकी आँखों आँखों को सुख देता है।

अत्यंत हर्ष का विषय है कि कन्हैयालाल डी.ए.वी. (पी ०जी०) कॉलेज का अध्यापक शिक्षा विभाग विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी अपनी वार्षिक पत्रिका 'नया क्षितिज' का सफल प्रकाशन करने जा रहा है।

महर्षि अरविन्द का मानना था कि **"अध्यापक राष्ट्र की संस्कृति के माली होते हैं जो संस्कृति की जड़ों में खाद डालते हैं और उन्हें अपने श्रम से सींचकर महाप्राण शक्तियां बनाते हैं।"** प्रस्तुत प्रत्रिका के इस अंक के माध्यम से मैं अपने भावी शिक्षकों को जीवन पथ पर पूर्ण निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता के साथ आगे बढने का संदेश देती हूँ। मार्ग कितना ही दुर्गम क्यों न हो मानव उस पर चल कर अपनी मंजिल तक पहुंच ही जाता है। वर्तमान समय में जब कोरोना प्रभाव के कारण जो प्रतिकूल परिस्थितियाँ चहुंओर हैं, आशा की किरण के रूप में हमारे भावी अध्यापक अपनी रश्मि किरणों के द्वारा पूरे जगत को जगमगायेगें।

यह सर्वविदित है कि **"आवश्यकता ही अविष्कार की जननी होती है।"** मनुष्य ने आवश्यकता पडने पर असम्भव को भी संभव कर दिखाया है। मेरा यही संदेश है कि मेरे विद्यार्थी अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के द्वारा किसी भी असम्भव प्रतीत होने वाले लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। स्वामी विवेकानन्द जी की निम्नाकिंत पंक्तियाँ अक्सर मुझे स्मृत हो जाती हैं-

**"नीति परायण धुन के पक्के बनो, तुम्हारे नैतिक चरित्र में कहीं एक धब्बा तक न हो, मृत्यु से मुठभेड़ करने की हिम्मत रखो। सत्य का अनुसरण करो, फिर वो तुम्हे चाहे जहॉं ले जाये, प्रत्येक भाव को उसके चरम सिद्धांत तक ले जाओ।"** यही भाव यही सकारात्मक ऊर्जा मैं अपने विद्यार्थियों को देना चाहती हूँ।

अंत में मुख्य संपादक के साथ-साथ सम्पादक मंडल के सभी सदस्यों को इस अंक को प्रकाशित करने के लिये साधुवाद देते हुये हार्दिक शुभकामनायें प्रदान करती हूँ, सुखद भविष्य की कामनाओं के साथ।

# Message



डॉ० मेघा जुयाल

I am delighted to write this message for the B.Ed. magazine which is published annually by the meticulous efforts of Teacher Education department. As, I have noticed over the years that this magazine provides a platform for the students to express their thoughts, innovative and unique ideas and also helps to bring about the hidden talents in the students.

I am sure that this magazine would be instrumental to develop the writing skills of students, which is now recognized as a very important attribute in today's world of shortcut communication. Also, they would be able to communicate their thoughts and plan of action regarding the prevailing pandemic caused by novel COVID-19.

I wish the editorial team of the magazine and the B.Ed. family a huge success.

With best wishes,

# Message

## Mantra of Learning



डॉ० मनोज कुमार शर्मा

It is real that learning never stops, this comes true during the hart time of lockdown due to COVID-19. It shows that every experience to life acts as a teacher for all of us. These learning experiences play a very important role in bringing behavioural changes the personality of an individual. Learning has no boundaries similarly technology has no boundaries.

At least those who were not aware of technologies that how important it is, or they were not using technology in their life as much, now they are using it for learning new things in their life for their betterment and it is the demand of the situation. Who so ever is not adopting it or not coping with it, is going to lose a major part of learning in his/her life. It is the situation which also plays an important role in learning new concepts. Who had ever thought of it that the day will come when we all hide ourselves within a boundary of four walls for a long period of time. During this hard time, we have one tool in our hand by which we can not stop ourselves from learning and that is Technology.

I mean to say in every situation we have something to identify which gives us new experiences in the form of learning. It is our intuition or interest or zeal for learning which helps to identify such factors to gain new experiences. Always work hard to get such factors out of situation instead of cursing the situation, that is the only mantra of learning.

# संदेश



**डॉ० मोनूराम**

यह हम सभी के लिए हर्ष का विषय है कि प्रतिवर्ष की भाँति के० एल० डी० ए० वी० (पी०जी०) कॉलेज, रुड़की के शिक्षा विभाग की वार्षिक पत्रिका नया क्षितिज का प्रकाशन होने जा रहा है। मेरी शुभकामनाएँ सम्पूर्ण सम्पादक मण्डल एवं मुख्य सम्पादक के लिए हैं जिनके अथक प्रयास से यह कार्य सम्भव हो पाया है।

**ज्ञान के निस्सीम नभ पर उड़ सकूं मैं,**
**चेतना के पंख किन्तु कौन देगा।**
**इन्द्रधनुषी विश्व कोई रच सकूं मैं,**
**कल्पना के रंग किन्तु कौन देगा।**

मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ, कि मैं स्वयं भी इस विभाग का अंग हूँ जो प्रतिवर्ष अपने विभाग की विभिन्न प्रतिभाओं को प्रकट करने के लिए नया क्षितिज नामक मंच प्रदान करता आ रहा है। जहाँ पर हमें सृजनात्मक एवं उत्कृष्ट रचनाएं प्राप्त होती हैं, जिन्हें पढ़कर हृदय भाव विभोर हो जाता है और हम चाहते हैं कि इस पत्रिका के माध्यम से अपने विद्यार्थियों की प्रतिभा को जन-जन तक पहुंचाते रहें। इसी उद्देश्य की प्राप्ति की ओर नया क्षितिज एक सार्थक कदम है।

शुभकामनाओं सहित...

# सम्पादक की कलम से



डॉ० अम्बिका भट्ट

शिक्षा मनुष्य के व्यक्तित्व-विकास की प्रक्रिया है, जिस में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्वीकारी गई है। इस प्रक्रिया में शिक्षक का दायित्व  विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास हेतु अनिवार्य अवसरों का सुव्यवस्थित संयोजन निर्मित करना रहा है।

इन अवसरों से युक्त पर्यावरण में ही विद्यार्थी अपने ज्ञान एवं कौशलों का प्रदर्शन करने में सक्षम हो पाता है। एक शिक्षक अवसरों की विविधता विद्यार्थी के लिए उपलब्ध करवाता है, इस के लिए आवश्यक है कि वह स्वयं भी इन विविध क्षेत्रों का अनुभवी हो, अपने प्रशिक्षण काल में उसने विविध क्षेत्रों का अनुभव प्राप्त किया हो।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उनकी अभिव्यक्ति के प्रस्तुतीकरण एवं पत्रिका सम्पादन के विविध पक्षों का ज्ञान प्रदान करने हेतु शिक्षा विभाग प्रत्येक सत्र के प्रशिक्षुओं द्वारा पत्रिका **"नया क्षितिज"** का सम्पादन करवाता है।  जो कि कोरोना प्रभाव में होने के कारण विगत वर्ष की ही भांति इस वर्ष भी online पटल पर सम्पादित एवं प्रकाशित हो रही है।

अतः सभी प्रशिक्षुओं को उनकी सत्रीय पत्रिका "नया क्षितिज २०१९-२१" के सफलतम सम्पादन एवं प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ एवं आशा करती हूं कि अपने इस अनुभव का वो अपने कार्यक्षेत्र में अवश्य लाभ उठायेंगे ।

# The Editor's Pen



You have in your hand, “ Naya Kshitij” , K.L. D.A.V. (PG) college, Teacher-Education department's official magazine. It captures the momentous moments of B.Ed.’s journey till so far. We have tried our best to make sure this memory of the he B.Ed.’s session 2019-21 helps you in recapitulating your eventful journey in B.Ed..

"Naya kshitij” is a compilation of the immense efforts put forwarded by the invincible B.Ed. students and is also a specimen of their creativity. It tries to bind together each and every aspect of our very own B.Ed. family. This is the another splendid B.Ed. session with our students bringing laurels to the College in all possible spheres. Their achievements were so vivid that all our efforts to include their accomplishments in one compilation went in vain.

Isn’t it rightly said, “ A flower makes no Garland”, thus this magazine is not the outcome of the efforts put in by an individual but also the immense effort put forwarded by, first and foremost, our teachers of the department and then the Editorial board, and dear B.Ed. students.

This is just a small tribute to our K.L. D.A.V (PG) college who gave me the opportunity to study from here and also would like to thank for making me work as an chief editor of Teacher-Education department, session 2019-21 magazine, “Naya khsitij”.

From the behalf of editorial team I would like to pay my gratitude to ‘The Principal, Dr. M. P. Singh', Head of the Teacher-Education Department, 'Dr. Purnima Shrivastava’, Dr. Megha Juyal, Dr. Manoj Kumar Sharma, Dr. Ambika Bhatt and Dr. Monuram.

We apologies for any shortcomings and hope you will cherish our efforts. Happy reading and ' Au revoir ' K.L. D.A.V. (PG) College, Roorkee.

Thank you !

# Department of Teacher Education

## Head of the Department & Associate Professor



Dr. Purnima Srivastav

## Assistant Professor



Dr. Megha Juyal



Dr. Manoj Kumar Sharma



Dr. Ambika Bhatt



Dr. Monuram

## Supportive Staff



Shri Subhash Thakur

# B.Ed. Students' Council

## General Secretary



Adarsh Bhardwaj

## Cultural Secretary



Swati Devi



Salman

## Game & Excursion Secretary



Urvashi



Vishwas

## Finance Secretary



Ekta Saini



Ajay Kumar

## Literary Secretary



Jyoti Upadhyay



Shivam Kumar

## "नया क्षितिज" 2019-21 Magazine Editor



Santoshi Chauhan

# B.Ed. Trainees



Akansha



Aakansha Johari



Aanchal



Aditi



Anjali



Binita Rawat



Chanchal



Ekta Saini



Gulshera



Jyoti Upadhyay



Anuradha



Shivani Kumari



Manisha



Neha



Niti



Radha

# B.Ed. Trainees



Riddhi



Santoshi



Savita



Shivali



Shivani Shiva



Swati



Urvashi



Abhishek



Adarsh



Ajay Kumar



Ajay Kumar



Amit Singh



Deepak



Mayank



Mohd. Tarik



Salman

# B.Ed. Trainees



Sandeep



Sanjay Mehta



Samtosh



Satyam



Shivam



Shubham



Vickey



Vikas



Vishwas



Yogesh

# हिन्दी अनुभाग

# भारतवर्ष महान

भारत वर्ष महान्!सिन्धु हिमालय है शान
रंग रूप भाषा का भेद नहीं
गंगा यमुना सरस्वती का मेल यही है
चारों दिशाओं में हैं चारों धाम
पन्च सरोवर का है यह स्थान
भारतवर्ष महान्! सिंधु हिमालय है शान
ईर्ष्या तृष्णा द्वेष यहाँ नहीं है
राम कृष्ण की जन्म भूमि यही है
सप्त नदियों का यहाँ है संगम
विभिन्न धर्मो में है एकता बंधन
भारतवर्ष महान्! सिंधु हिमालय है शान
विद्वान बन्धुओं की कमी नहीं है
जंगल और मरुभूमि भी यही है
पग-पग पर बिखरे विभिन्न रंग
जिनसे मिलकर बना है जीवन
भारतवर्ष महान्! सिंधु हिमालय है शान

**आकांक्षा (स्वरचित)**



# औरत

औरत एक बेटी, बहन, पत्नी, मित्र और माँ है
अपने हर रूप में वो शख़्सियत कमाल है
वो मूर्ति है धैर्य और सहनशीलता की
पर कभी दुर्गा तो कभी काली अवतार है
लगता है जैसे हुआ देवी से साक्षात्कार है
हृदय में उसके प्रेम अपार है
रखती सबका बेहद ख़याल है
पर उसे अपना कहाँ ध्यान है
कहते क्यूँ है कि वो है त्याग की प्रतिमूरत
क्या उसके नहीं कोई अरमान हैं
कई सदियाँ गुज़री दुनिया के इन सब झमेलों में
देखो! अब उसको आया नया विचार है
अपनी पहचान बनाने को किया कुछ ऐसा काम है
कभी प्रशासक तो कभी मंत्री बन
"समाज" में रखा अपना मान है
जंज़ीरों को तोड़कर हर पद पर अब शोभायमान है
हाँ! वो एक बेटी, बहन, पत्नी, मित्र और माँ है।



**आकांक्षा जौहरी (स्वरचित)**

# हमारी राष्ट्रीय भाषा हिंदी

भारत के हृदय का भाव हो तुम,
हिंदुस्तां की आवाज हो तुम।
तुमसे ही सभी हुए साक्षर,
इस राष्ट्र का आधार हो तुम।

मनोभाव साकार हुए तुमसे,
साहित्य रचे इतिहास लिखा,
मानव किससे कहो सभ्य बन।
किया हर भाषा को आत्मसात,
भारत की तरह शरणागत हो।।

आस्तित्व बिना तेरे है कहाँ?
जिसने तेरा सम्मान किया,
प्रेमचंद, द्विवेदी, प्रसाद, पंत,
महादेवी, निराला और है अनंत,
सबको कहा किसने समर्थ किया।।

विस्मृत कर तुमको जो भी गए,
वो क्या विकसित हो पायेंगे,
जड़ से कटकर भी वृक्ष कभी
क्या हरे भरे रह पाएं है।
उठो जागो संकल्प करो,

विकसित करके निज भाषा को,
भारत की शान बढ़ायेंगे,
हिंदी भाषी कहलायेंगे
हिंदी भाषी कहलायेंगे।

**आंचल तोमर (स्वरचित)**

# क्या मैं एक इंसान नहीं....



क्या मै एक इंसान नही?
फिर क्यूँ मेरी पहचान नही?
जब जन्म दिया है उसी ईश्वर ने......
फिर क्यूँ मेरा कोई सम्मान नही?

जब भी मैंने आगे बढ़ाया कदम.....
लोगो ने किया मेरा तिरस्कार।
लैंगिकता जब पता चल गई तो...
अपनो ने ही किया मेरा बहिष्कार

जन्म किसी और रूप में मिला तो क्या जीने का मुझे नहीं है अधिकार
आगे बढे बिना ही हार मान लूँ....ये बात बस मुझे नहीं है स्वीकार।।

पढ़ने गया तो मेरा मजाक उड़ाया गया....
बड़े ही अभद्र नामों से मुझे पुकारा गया।।
मेरे अपने साथियों ने मेरा किया बलात्कार....
शायद यही मिले थे उन्हें संस्कार...

कई रोज मौत को गले लगाना चाहता था ।।
लेकिन हर बार रहा मैं नाकाम।
शायद ईश्वर की भी इच्छा थी
आगे बढ़ूं और हासिल करुँ मै अपना मुकाम।।

जब नौकरी की तलाश में निकला,,
तो काबिल होने पर भी मुझे दुत्कारा गया........
आवाज़ उठाने की कोशिश की तो,,,
लाठी-डंडो से मुझे मारा गया।।

मौका देकर तो देखो, ना कर सकू ऐसा कोई काम नहीं।।
तुम्हीं मे से एक हूं, मै भी कोई गैर नहीं।।
जब जन्म दिया है उसी ईश्वर ने
फिर क्यूं मेरा सम्मान नहीं।।
क्या मै एक इंसान नहीं ??
फिर क्यूं मेरी पहचान नहीं?

**एकता सैनी (स्वरचित)**

# जिंदगी....

जिंदगी तूफानों से भरी
कश्ती जिसकी लहरों में फंसी
जाने कैसे मिलेगा इसको किनारा
जाने कौन बनेगा इसका सहारा

थाम के इस कश्ती को बढ़ रही हूं आगे
जाने फिर भी क्यों है मन में एक अजीब सी उलझन
की होने वाली अनहोनी का क्या होगा अंजाम
क्या मिल पाएगा इस कश्ती को इसका सही मुकाम

अब मन में संकल्प लिया है
जाना है उस पार
हर लहरों से लड़ झगड़ कर , लगाना है कश्ती को पार

**बिनीता रावत (स्वरचित)**



# चंदा से पूछा है मैने.....

ऊपर से धरती कैसी है?
मेरी आंखों के जैसी है?
क्या रंग बिरंगी दिखती है ?
या बद्रंगी सी लिपटी है ?
छुपे है क्या क्या राज सलोने चंदा से पूछा है मैने ।



गोल है या समतल है ?
पानी गिरता क्या छलछल है?
हरियाली सुहाती है ?
या माटी की ही मूरत है ?
दिखते है कैसे सब नगीने चंदा से पूछा है मैंने।

इन्सान नजर उसे आता है ?
या राक्षश सा चिढ़ाता है ?
पेड़ है या सब काट लिए ?
हवा बेहती है क्या धुआ लिए ?
स्व काल बना क्यों इन्सान ये , चंदा से पूछा है मैंने।

**ज्योति उपाध्याय (स्वरचित)**

# हम सब मिलकर बनायें.....



हम सब मिलकर बनायें
इस धरती को स्वर्ग
न काटें जंगल हम
और न बनायें बंजर जमीन
साजिश को रोक के हम
ज्योत ज्ञान की घर-घर जगायें
**हम सब मिलकर बनायें**

पशुओं के लिए चारा
ईंधन के लिये लकड़ी
खिसकती चट्टानों पर
पेड़ो को हम लगायें
**हम सब मिलकर बनायें**

जंगल पूरी करते
हमारी सभी आशाओं को
फ़िर भी ना जाने क्यों?
काटते इन प्राण दाताओं को
पहाड़ी चट्टान की तरह
मन में दृढ़-संकल्प लायें
**हम सब मिलकर बनायें**

उद्योगो को ना रोकें
लेकिन पेड़ों को काट कर
अन्धा धुन्ध आज हम
धरती उजाड़ ना बनायें
**हम सब मिलकर बनायें**

प्रलयकारी बाढ़ को
रोकते हैं जंगल
सूखी और प्यासी धरा पर
मेघों को बरसाते जंगल
प्रयासों से बात ना बने
तो मिलकर आन्दोलन चलायें
**हम सब मिलकर बनायें**

पथिकों की राहों को
छाया भरी हम बनायें
जब तपता हुआ सूरज
हर दिशा से निकल आये
**हम सब मिलकर बनायें**
**इस धरती को स्वर्ग!!**

**आकांक्षा (स्वरचित)**

# मंजिल पथ........



जब नाव जल में छोड़ दी
तूफ़ान में ही मोड़ दी
दे दी चुनौती सिंधु को
फिर धार क्या मझधार क्या
कह मृत्यु को वरदान ही
मरना लिया जब ठान ही
फिर जीत क्या फिर हार क्या
जब छोड़ दी सुख की कामना
आरंभ कर दी साधना
संघर्ष पथ पर बढ़ चले
पिर फूल क्या अंगार क्या
संसार का पी पी गरल
जब कर लिया मन को सरल
भगवान शंकर हो गए
फिर राख क्या श्रृंगार क्या

**मनीषा प्रजापति (स्वरचित)**

# भ्रष्टाचार ........

हे भगवान! कर दो कुछ ऐसा काम,
ये दुनिया बनाने जाए फिर से सतयुग जैसी महान

न चले लोग झूठ की राह पर,जहाज है सिर्फ काटे,
इस धरा पर लोगो ने,स्वयं को चार भागो मे बांटे।

ऐसे चार भाग जिन्हे लोगो ने दिए ये नाम,
कोई हिन्दू, कोई सिख,कोई ईसाई, तो कोई मुसलमान ।



मै जाने क्यों इन्सानियत को चार भागो मे बांटकर भूल जाते है लोग,
अपने ही हाथो से अपनो का गला दबाते है लोग ।

क्यो कलयुग मे कुछ पैसो के लिए भाई-भाई को मार डालते है,
ऐसे कुछ भाइयो और राजनेता ने ही तो,
मिलकर जन्मा है ये व्यापक भ्रष्टाचार ।।

**नीति देवी (स्वरचित)**

# एक पंछी-सा मैं ........



एक पंछी-सा मैं
मन में लिए एक अनकहा शोर ,
उड़ जाऊँ एक छोर से दूसरे छोर...
पंख फ़ैलाऊँ अपनी उड़ान की ओर ,
करूँ सपने पूरे पकड़ कर जरूरतों की डोर...
ख्वाहिश का छूकर आसमान,
करूँ सितारे सपनों के कुछ अपनी ओर..
एक पंछी- सा मैं
मन में लिए एक अनकहा शोर ,
उड़ जाऊँ एक छोर से दूसरे छोर...
लाख तूफ़ान आयें पर ,
ये पंख ना थमेंगे अपनी उड़ान छोड़..
क्योंकि ये है मेरी अपनी दौड़,
जिसमें न किसी की होड़...
एक पंछी- सा मैं
मन में लिए एक अनकहा शोर ,
उड़ जाऊँ एक छोर से दूसरे छोर...

**राधा (स्वरचित)**

# माँ हिन्दी....

नानक कबीर मीरा तुलसी के
कंठ का अविरल गाँ बनी
भारतेन्दु के सृजित बीज से
वृक्ष विशाल महान बनी

प्रेमचंद के मर्म को छूकर
तुमने ममता पाई है
और सुभद्रा की वाणी से
कीर्ति शक्ति की गाई है

मैथिली माखन महादेवी मंटो
से पंत निराला तक
मानवता के अभिवर्धन को
मुक्त कंठ गुणगान बनी

संस्कृत की कनिष्ठ पुत्री तुम
नाव साहित्य की अम्बा हो
अंग्रेजी है मेरी प्रेम प्रिया तो
हिन्दी तुम मेरी माँ हो ।




**आदर्श भारद्वाज (स्वरचित)**

# बदलते परिवेश में शिक्षक की भूमिका.....

शिक्षक के महिमामंडित युग की समाप्ति के बाद शिष्य और शिक्षक के बीच संबंध और शिक्षक की भूमिका विद्यालयों के स्तर और इन दोनों के सामाजिक स्तर के आधार पर बदलती रही है।आज तकनीकी विकास के इस आधुनिक युग में शिक्षक की भूमिका पहले जैसी नहीं रह सकती,बदलते परिवेश में समय और जीवन की मांगों के अनुसार उसमें बदलाव आना स्वाभाविक भी है और आवश्यक भी।

एक बच्चे के जीवन में शिक्षक का आचार–व्यवहार तथा उसके प्रति शिक्षक का रूप अत्यंत महत्वपूर्ण है। कक्षा का वातावरण सुखद, हल्का-फुल्का और बच्चे की सीखने की क्षमता को बढ़ाने वाला बनाए रखने में शिक्षक का प्रमुख हाथ होता है। सफलता-असफलताओं,अच्छे से बहुत अच्छे नतीजों पर जोर आदि मानव छात्र की आंतरिक सुरक्षा भावना व आत्म सम्मान के विपरीत नहीं होने चाहिए। माता-पिता व शिक्षक का व्यवहार बच्चे की मानसिकता को गहरा प्रभावित करता है। उनके लिए सब कुछ सबसे अच्छा देते रहने की चिंता में बच्चे के स्वयं के रुझान, रुचियां, विचार , पसंद ना पसंद वह सोच पीछे छूट जाते हैं।जो शिक्षक बच्चे की असफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं वह उसे बद से बदतर बनाने का काम करते हैं। दूसरे शिक्षक जो सकारात्मक ढंग से समस्या का समाधान कर पाते हैं वह बच्चे में भी ऐसा रुख विकसित करते हैं जो केवल सफलता वह असफलता से ऊपर बच्चे की मानसिकता के स्वस्थ विकास में सहायक होता है।बच्चे को उसकी असफलता की याद दिलाते रहने की बजाय उसमें यह अहसास पैदा करने की जिम्मेदारी शिक्षक की है कि वह महत्वपूर्ण है और सब काम करने की क्षमता रखता है। आने वाले समय में शिक्षक को एक अलग तथा अत्यंत जटिल व चुनौतियों से भरी भूमिका निभानी पड़ेगी। यह भी हो सकता है कि अध्यापक पर छात्र की निर्भरता धीरे-धीरे कम होती चली जाए। आज टेलीविजन, कम्प्यूटर, ई-लर्निंग, वीडियोकॉन्फ्रंसिंग आदि आधुनिक उपकरणों और विधियों के द्वारा शिक्षण क्रिया में ज्यादा से ज्यादा जगह हत्या लेने की संभावना बढ़ रही है।

आज पढ़ने पढ़ाने के रुझानों से पता चलता है कि अब अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य होनर में दक्षता प्राप्त करना, तकनीकी अविष्कारों व नवीन प्रणालियों का अनुसरण करते रहना आवश्यक हो जाएगा। दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था (distance education) के विकास से भी कक्षा में समय बिताने की जरूरत में कमी आएगी। क्या इन सब से

शिक्षक के कार्य और महत्व में भी कमी आएगी? परीक्षा का प्रारंभ पर एक महत्व कम होने पर क्या शिक्षा की सत्ता कम हो जाएगी? निश्चय ही बदली परिस्थितियों में शिक्षक की भूमिका भी बदलेगी।  शिक्षक को भाभी मनुष्य व समुदायों के बीच परपरस्परबेहतर समझ बढ़ाने,विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने में भूमंडलीकरण के बाहर की नई भूमिका में उतरना होगा।

शिक्षक, शिष्य और विषयवस्तु तीनों के बीच संबंध सरल,सहज और सुसंगत होने चाहिए। शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षक की भूमिका पढ़ाने के साथ-साथ पढ़ने की ओर सीखने की भी है।ज्ञान पुस्तकों से प्राप्त किया जा सकता है परंतु ज्ञान की पिपासा केवल व्यक्तिगत संपर्क से बढ़ती और शांत होती है।Henry Van dyke के अनुसार,” शिक्षक यह व्यक्ति है जो सोई हुई आत्मा को जगाता है, सुस्त को चुस्त बनाता है, उत्सव को उत्साहित करता है,आस्थिर को स्थिर और संतुलित करता है। साथ ही जो सीखने के अपने सुख को अपने छात्रों तक पहुंचा सकता है, वह अनेक दीप प्रज्वलित करने का कार्य करता है।“

बच्चे के भावनात्मक विकास में शिक्षक का महत्व बहुत ज्यादा होता है। छोटे बच्चों की भावनाएं निरंकुश होती हैं, वह चाहे खुशी में आनंद की अभिव्यक्ति हो अथवा क्रोध, ईर्ष्या व चिंता जैसी अप्रितिकर भावनाएं हो।ऐसे में शिक्षक का यह जानना बहुत जरूरी है कि भावनाएं जीवन के प्रेरक शक्तियां हैं और इन शक्तियों को सही दिशा में मोड़ ना बच्चे के हित के लिए आवश्यक है। शिक्षक को उन साधनों और उपायों की खोज करनी होगी जो बच्चों की असीम उर्जा को सृजनात्मकता की ओर मोड़ सके।

**नेहा (स्वलिखित)**

## प्रतीक्षारत .........



सारा वैभव लुटाकर भी वंचित रहे
बोझ भूमि सा सहकर भी मृदु चित रहे
जिसने ख़ुद को बहाकर भी सींचा हमें
उसने हमसे उपेक्षा के सब दुःख सहे

जिसने शब्दों में दी बोलने की समझ
स्नेह से ना कभी बात उनसे कही

व्यर्थ प्रश्नों में उलझें रहे हम सदा
उत्तरों को हमारी प्रतीक्षा रही

एक पिता को समर्पित ♥

**आदर्श भारद्वाज (स्वरचित)**

## शिक्षा..



**शिक्षा जीवन के लिये ,**
**तैयारी करना नहीं होता।**
**बल्कि यह तो खुद ही एक जीवन है।।**

**अजय पोषवाल**

# देश जगत की सोच बदलना

देश जगत की सोच बदलना
परिवेश बदलना।

ना हो धर्म मजहब की दीवारें
भाषा वसन की जंजीरें
लहू के रंग को झुठलाए
एक ऐसी कट्टर सोच बदलना
देश जगत की सोच बदलना
परिवेश बदलना।

मन के गहन तिमिर अंधक में
ज्ञान बोध का दीप जलाएं
सब में ईश्वर ही दिखलाएं
एक ऐसा हम पंथ चलाएं
होगा मन मस्तिष्क बदलना
देश जगत की सोच बदलना
परिवेश बदलना।

थके हुए बोझिल कंधों पर चलती है सारी दुनिया
मासूमों के सपने रोज कुचलती चलती है सारी दुनिया
घर की चारदीवारी में मरती है दुनिया की जननी
होगा सोच विचार बदलना
देश जगत की सोच बदलना
परिवेश बदलना।

**अदिति (स्वरचित)**



# सच्चाई

अब एक नई जंग जारी है, मुझे बस तारीफ पानी है।
ना जाने कैसी घुमारी है, लाइक्स की दुनिया जो जारी है।
अनजान लोगों से यारी है, जो उनको सुनने की ठानी है।
भूल गए वो बचपन की वाणी है, नज़रो मैं जिनकी हम रानी है।
फिर भी ये कैसी नादानी है, पहचान उनसे ही पानी है।

खुद को अब तक पहचानी नही हूँ, दूसरों की जुबानी भी मानी नहीं हूँ।
ज़िंदगी आसान हो जानी है, असलियत से तेरी यारी हो जानी है।
संभलकर तुमको चलना यही है, गिरकर भी तुमको उठना यही है।
सच्चाई से बेहतर वाणी होती नही है, बातें भी ऐसी होती नही है।
समस्या भी सारी सुलझ जानी है, मन में कोई बात ना ठहरानी है।
ना जानने की कोई ख्वाहिश ही होगी, ख्वाहिशो मैं जब दुनिया ये होगी।
दो लम्हो से ज्यादा तो कुछ भी नही है, एक हक़ में है एक मैं नही है।

ज़िंदगी की तो बस यही कहानी है,जो तुझको मुझे सुनानी है।
बुरा तो कुछ कभी होता नही है, समझ लो तुम ऐसा भी तो नही है।
कोशिश करोगे, समझ जाओगे समझने जैसा कुछ होता नही है।
जो जैसा है वैसा ही तो अच्छा है, जो जैसा है वैसा ही तो अच्छा है,
सच्चाई हो तो कोई न समस्या है सच्चाई हो तो कोई न समस्या है।।

**रिद्धि शर्मा (स्वरचित)**

सत्यमेव जयते

# प्रेरणादायक..



एक बार बादलों की हड़ताल हो गयी. बादलों ने कहा अगले दस साल पानी नहीं बरसायेंगे .ये बात जब किसानों ने सुनी तो उन्होंने अपने हल वगैरह पैक कर के रख दिये लेकिन एक किसान अपने नियमानुसार हल चला रहा था.कुछ बादल थोड़ा नीचे से गुजरे और किसान से बोले क्यों भाई पानी तो हम बरसायेंगे नहीं तो फ़िर क्यों हल चला रहे हो? किसान बोला कोई बात नहीं जब बरसेगा तब बरसेगा लेकिन मैं हल इसलिये चला रहा हूँ कि मैं दस साल में कहीं हल चलाना न भूल जाउं. अब बादल भी घबरा गये कि कहीं हम भी बरसना ना भूल जाये. तो वो तुरंत बरसने लगे और उस किसान की मेहनत जीत गयी .जिसने सब कुछ पैक कर के रख दिया वो हाथ मलते ही रह गये. इसलिए लगे रहो भले ही परिस्थितियां अभी हमारे विपरीत हैं ,लेकिन आने वाला समय नि:सन्देह हमारे लिये अच्छा होगा।

**नैतिक शिक्षा** -कामयाबी उन्हीं को मिलती है जो विपरीत परिस्थितियों में भी मेहनत करना नहीं छोड़ते.

**"जो पानी से नहाते हैं वो लिबास बदल सकते हैं पर जो पसीने से नहाते हैं वो इतिहास बदल सकते हैं" .**

**अनुराधा**

# बचपन....

एक बचपन का जमाना था
जिसमें खुशियों का खजाना था
चाहत चाँद को पाने की थी
पर दिल तितली का दीवाना था
खबर न थी कुछ सुबह की
ना शाम का ठिकाना था
थक कर आना स्कूल से
पर खेलने भी जाना था
मां की कहानी थी
परीयों का फसाना था
बारिश में कागज की नाव थी
हर मौसम सुहाना था।



**शिवानी कुमारी (स्वरचित)**

# माँ की लाडली मेरी बहन....



माँ की लाडली
पापा की परी
सहेली सी बहन
भाई की राजकुमारी
कल विदा हो जाएगी।

रोते हुए आई थी
रुलाते हुए चली जाएगी
ऐ बहन तू हमें बहुत याद आएगी।

कलेजे के टुकड़े को
रो-रोकर भुलाना होगा
आँखों में आँसू होंगे
फिर भी मुस्कुराना होगा।

बचपन कि वो सब यादें
पल में बेगाने हो जायेंगे
तुझे हम भूलना पाएंगे।
बहना तू ऐसी मुसाफिर है
रात भर बसेरा है
सुबह चले जाना है।

लेकर ख़ुशी यहाँ से
तुझे उस घर को सजाना है
रखना है सब को खुश
बस माँ का यही वचन तुम्हें निभाना है।

**संतोषी चौहान (स्वरचित)**



# शिक्षा..

**शिक्षा और मेहनत एक ऐसी सुनहरी चाबी होती है, जो भाग्य के बंद दरवाजे बहुत आसानी से खोल देती है ।**

**अजय पोषवाल**

# मुझको ठेकेदार बना दो.....



नीले अक्षर छाप छाप कर ,
देख किताबें रात रात भर
मस्ती से मन मार मार कर,
किसका भला हुआ पढ़ लिख कर ...

तुम भी तो पढ़ लिखकर मम्मी ,
ड्यूटी ड्यूटी चिल्लाती हो
सोमवार सुबह चली जाती हो ,
शनिवार शाम घर आती हो ...

हफ़्ते भर की माथा पच्ची से ,
एक दिन मोहलत मिल पाती है
उस पर भी आकर मम्मी तुम ,
मुझको डांट लगाती हो ..

मुझको दूर नहीं रहना है ,
मम्मी मुझे नहीं पढ़ना है
सारी चिन्ता दूर हटा दो ,
स्कूल से मेरा नाम कटा दो
ईंटों का भट्टा खुलवा दो ,
और मुझको ठेकेदार बना दो ....
गुण भाग और जोड़ घटाना,
करना मैने सीख लिया है
लिखना मैने सीख लिया है ,
पढ़ना मैने सीख लिया है,



ईंटों का भट्टा एक खुलेगा,
रोजगार बढ़ जायेंगे,
उन बेचारे मजदूरों के, घर में
भी चूल्हे जल जायेंगे..

तुम भी अपने कन्धों से,
घर के खर्चे का बोझ घटा दो,
ईंटों का भट्टा खुलवा दो ,
मुझको ठेकेदार बना दो...

**सविता कश्यप (स्वरचित)**

# एक छोटी-सी परी



एक छोटी-सी परी, एक छोटी-सी परी
जिसने दुनिया में अपना अस्तित्व बनाना चाहा,
पर जब भी उसने कदम बढ़ाये
तो हर किसी ने रोकना चाहा,
पर वह रुकी नहीं,
शिक्षा का दीप उसने जलाये रखा
औरअपने जीवन से
अंधेरे को दूर भगाये रखा।।

एक छोटी- सी परी, एक छोटी- सी परी
उसके दीपक की लौ से,
दीप अनेक जगमगाये
जिससे बहुत सारी परियों के
जीवन को मिली अनेक दिशायें।।

यह सब देख सभी ने उसे अपनाया
और उसका आभार जताया,
आज उसके जीवन में भी नया क्षण आया,
आज शायद समाज में उसने अपना अस्तित्व था पाया।।

एक छोटी- सी परी एक छोटी- सी परी
उसने शिक्षा का दीप जलाये रखा
विश्वास खुद पर बनाये रखा
अब उसके मन में न कोई द्वेष था
न कोई डर
अब तो वह कर रही थी अपने समाज में
शिक्षा का दान हो के निडर



एक छोटी -सी परी एक छोटी- सी परी
जिसने शिक्षा का दीप जलाये रखा.....

**शिवाली सिंह (स्वरचित)**

# दृढ़-निश्चय



मनुष्य के समक्ष कोई भी चुनौती अकेले नहीं आती, अपितु वह अपने साथ ढेरों अवसर लेकर आती है। बस आवश्यकता है तो सकारात्मक दृष्टिकोण एवं उस संकट से बाहर निकलने की भूख की। मनुष्य चाहे तो दृढ़-निश्चयी होकर किसी भी चुनौती से स्वयं को बाहर निकाल सकता है। परंतु उसे यह याद रखना होगा कि एक इच्छा कुछ नहीं बदलती, एक निर्णय कुछ नहीं बदलता लेकिन एक निश्चय दुनिया बदलने का सामर्थ्य रखता है।

**शिवानी शिवा**

# *मानवता की शान*



दया, विनम्र स्वभाव मानवता की शान हैं।
इंसान की यही तो असली पहचान हैं।

इन गुणो को संजोए आगे बढ़ना हैं।
सफलता के शिखर को पाने के लिये सबको पढ़ना हैं।
इंसान की यही तो असली पहचान हैं।
दया, विनम्र स्वभाव मानवता की शान हैं।

सच्चाई, ईमानदारी से चलते हैं जो वो महान हैं।
इंसान की यही तो असली पहचान हैं।
दया, विनम्र स्वभाव मानवता की शान हैं।

**सन्दीप कुमार (स्वरचित)**

# लक्ष्य से तू ना विचलना..



राह में तू न बिखरना
लक्ष्य से तू नया विचलना
देखती है तुझको मंजिल
तू बस उसी की ओर चलना

होना है जो वही होगा
भाग्य का जो लेख होगा
भाग्य का निर्माता है तू
ऐसे कैसे जो भी होगा

खुद को हवा से तेज कर
दावा चमक के वेग पर
अथक, अविचल, सतत चलकर
वहाँ है तुझको पहुंचना

पथ भी कहीं भटकाएगा
कुछ भी समझ न आएगा
ईर्ष्या, छल से सना पथ
अनगिनत बाधा लाएगा

तब हिम का नक्शा खोलकर
खुद को उसी पर मोड़कर
हार डर भय के धनुष से
तीर सा तू बढ़ निकलना

राह में तू न बिखरना
लक्ष्य से तू नया विचलना
देखती है तुझको मंजिल
तू बस उसी की ओर चलना

**शुभम कुमार (स्वरचित)**

# पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी



5 जून को हम विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हैं लेकिन हम यह सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी समझ लेते हैं कि पर्यावरण का संरक्षण करना सिर्फ सरकार का काम है हम तो बस सिर्फ व्हाट्सएप पर कुछ विचार साझा करके अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं और सोचते हैं कि यहीं पर हमारी जिम्मेदारी खत्म हो गई। एक बार भी हमारे मन में यह ख्याल नहीं आता कि हम अपनी कुछ आदतों में सुधार करके पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

प्रकृति हमारी मां है यही हमें पाल रही है इसका एहसास हमें तब होगा जब प्रकृति में छेड़छाड़ करने पर आपदाएं आने शुरू हो जाएंगी। हम मनुष्य तब तक अपनी गलती नहीं मानते जब तक हमारी गलतियों की वजह से कोई भयंकर हानि ना हो जाए।पृथ्वी को अगर बचाना है तो पहलेजल, जंगल और पर्यावरण को बचाना होगा। जंगलों की कटाई, जल का अवैध रूप से दोहन और प्रयोग, वायु में जहरीली गैसों का उत्सर्जन और फैक्ट्रियों द्वारा नदियों में जो जहरीला पानी हम मिला रहे हैं इन सभी हमारी गतिविधियों का अंजाम एक दिन हमें भुगतना पड़ेगा और हम भुगत रहे हैं। ओजोन परत क्षतिग्रस्त हो रही है इसके चलते तापमान कहीं गुना बढ़ गया है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, सांस लेने के लिए शुद्ध हवा नहीं है पीने के लिए साफ पानी नहीं है यह सब झेलने के बाद हमें पूरा साल पर्यावरण के बारे में कुछ ख्याल नहीं आता बस 5 जून को थोड़ा सा विलाप करके, कुछ एक विचार साझा करके हम पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन समझते हैं।

हमें पर्यावरण को शुद्ध और सुरक्षित रखने के लिए बहुत सारे कदम उठाने होंगे जैसे-वृक्षारोपण पर अधिक जोर देना होगा, वृक्षों की अवैध कटाई पर रोक लगानी होगी, प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करना होगा, जहां जरूरत ना हो वहां पेट्रोल डीजल से चलने वाले वाहनों की जगह हम पैदल या फिर साइकिल का उपयोग कर सकते हैं। समस्याएं बहुत हैं लेकिन उनका समाधान भी हमारे ही पास है, हम हर चीज का जिम्मेदार दूसरों को नहीं ठहरा सकते शुरुआत हमें अपने से ही करनी होगी जब हम अपने आदतों में सुधार करेंगे तभी हम दूसरों को भी सुझाव दे सकते हैं लेकिन सबसे पहले शुरुआत अपने से ही करनी है।



**उर्वशी चौधरी**

# हमारा प्यारा पर्यावरण.................

चारों ओर घिरा जो जीवन के,
पर्यावरण कहलाता है।
हरी-भरी धरती पर ही,
हर जीव-जंतु मुस्कुराता है।।



भीषण आई है बाढ़ कहीं,
और कहीं पर सूखा है।
मानव के कर्मों के कारण,
जीव-जंतु जग भूखा है।।

भूमंडल जल रहा है आज,
जंगल-जंगल जले अंगारों में।
धरती माता बेचारी सिसक रही है,
लग गया ग्रहण सिंगारों में।।

प्रकृति के कण -कण में है ,
सुंदर संदेश समाया।
ईश्वर ने इसके द्वारा ज्यों,
अपना रूप दिखाया।।

मानव सहित जीव पौधों का,
दम आज प्रदूषण से घुटता है।
इस विकराल समस्या में,
